# साढ़े चार लाख को रोजगार से जोड़ा: योगी

**मिशन-2022**

## ● सीएम बोले, साढ़े चार साल में तीन लाख करोड़ का निवेश हुआ
## ● माफिया पर कार्रवाई होती है तो विपक्षी नेताओं को बुरा लगता है

**15** दिन के अंदर बाढ़ से प्रभावित फसलों के आकलन के निर्देश

कानपुर/लखनऊ | हिन्दुस्तान टीम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर 556 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने 4.50 लाख बेरोजगारों को नौकरी और रोजगार से जोड़ा। सत्यदेव पचौरी जब एमएसएमई मंत्री थे, तो ओडीओपी के तहत लाखों को रोजगार से जोड़ा। अब औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने नए निवेश के द्वार खोले। तीन लाख करोड़ का निवेश कराया। जब कोरोना काल में लोग घरों में कैद थे, महाना प्रदेश में करोड़ों के निवेश की तैयारी कर रहे थे।

**अखिलेश पर तंज:** योगी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर तंज कसा, कहा सरकारी योजनाओं में डकैती डालने वालों को अब परेशानी हो रही है। माफिया के कब्जे पर जब बुलडोजर चलता है, तो इन्हें बुरा लगता है। यह वे लोग हैं जिन्होंने परिवार को ही प्रदेश मान लिया था। नौकरी निकलती थी तो परिवार का एक सदस्य वसूली पर निकल पड़ता था। अब भर्तियों पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। ये वही लोग हैं, जिनके नेतृत्व में प्रदेश में दंगे होते थे।

**कानपुर के दंगों का जिक्र :** उन्होंने कहा कि सीएए के दौरान कानपुर में भी दंगा कराया। ऐसे लोगों से सरकार को निपटना आता है। यूपी सुरक्षा का बेहतरीन मॉडल दे रहा है। नया उत्तर प्रदेश बन रहा है। पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण यूपी विकास के सबसे निचले पायदान पर चला गया था। नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। योगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं कि उनके सहयोग से कानपुर में तोपों का भी निर्माण होने जा रहा है।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कानपुर में विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विशाल जनसभा को संबोधित किया।

## पूर्व डीजीपी की तारीफ की

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कानपुर दौरे के दौरान पूर्व डीजीपी और भाजपा के राज्यसभा सांसद बृजलाल की खूब सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं धन्यवाद दूंगा पूर्व महानिदेशक और वर्तमान में आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में काम कर रहे बृजलाल का..। एक पुलिस अधिकारी पुलिस सेवा में तो बेहतरीन प्रदर्शन कर ही सकता है। वहां पर पेशेवर अपराधियों के छक्के तो छुड़ाता ही था, आज विकास के इस माडल को कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उन्होंने इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

## किसानों से फीडबैक लेंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं के निराकरण के बारे में उनकी प्रतिक्रिया लें। यदि किसान संतुष्ट नहीं है तो तत्काल संबंधित जिले से संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही कराएं। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि विगत दो दिनों में 26,000 से अधिक शिकायतों आपत्तियों का निराकरण करा दिया गया। अब भी करीब 1700 शिकायतों का समाधान होना शेष है। इसे तुरंत निस्तारित किया जाए।

## संचारी रोगों से बचाव किया जाए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गौतमबुद्धनगर में कॉलरा व सिद्धार्थनगर में डायरिया से प्रभावित सभी लोगों के समुचित उपचार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्वच्छता, फॉगिंग और सैनिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूकता के विशेष कार्यक्रम संचालित किये जाएं।

मुख्यमंत्री लोक भवन में उच्चस्तरीय बैठक में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा गत दिवस तक 10 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं।